प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 29.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि दुनिया भारत को सिर्फ़ देख ही नहीं रही, बल्कि उस पर भरोसा भी कर रही है। टोक्यो में भारत–जापान आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए, श्री मोदी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जापान, मेट्रो से लेकर विनिर्माण और स्टार्टअप से लेकर सेमीकंडक्टर तक भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण भागीदार रहा है। प्रधानमंत्री ने जापानी कंपनियों को मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कौशल विकास और लोगों के आपसी संबंधों पर भी ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि साझा कार्यबल से साझा समृद्धि आएगी।

0000

मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने आज सर्वोच्च न्यायालय के दो नवनियुक्त न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति आलोक अराधे और न्यायमूर्ति मनुभाई पंचोली ने शपथ ली। दो दिन पहले ही इनकी नियुक्ति को स्वीकृति मिली थी। इन नियुक्तियों के साथ सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या मुख्य न्यायाधीश सहित 34 हो गई है।

0000

हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती आज राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में मेज़र ध्यानचन्द को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचन्द की विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। श्री मोदी ने कहा कि सरकार खिलाडियों को समर्थन देने, बुनियादी ढांचे के निर्माण और भारत को उत्कृष्ट खेलों का वैश्विक केन्द्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उन्हें नमन किया है। इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस का विषय है– शांतिपूर्ण और समावेशी समाजों को प्रोत्साहन देने के लिए खेल। फिटइंडिया मिशन आज से राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। तीन दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में "एक घंटा, खेल के मैदान में" जैसे अभियान, लोगों को रोजाना कम से कम एक घंटा आउटडोर खेलों और शारीरिक गतिविधियों के लिए समर्पित करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। प्रदेश मे भी राष्ट्रीय खेल दिवस पर विभिन्न आयोजन हो रहे है। इसी कडी में जोधपुर में सांसद खेल महोत्सव शुरू हो रहा है। केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत शाला क्रीडा संगम, गौशाला मैदान में शाम को इसकी शुरूआत करेंगे। भरतपुर में लोहागढ स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। हनुमानगढ में नर्सिंग विद्यार्थियों की खेल प्रतियोगिताएं हुई। सवाईमाधोपुर में माय भारत केन्द्र की ओर से एकडा गांव में कबड्डी, लम्बी कूद और 100 मीटर दौड की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई।

0000

राज्य में पिछले 24 घंटों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बरसात हुई। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी इलाकों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश रिकॉर्ड हुई। भीलवाडा में आज झमाझम बरसात हो रही है। सवाईमाधोपुर में भी हल्की बरसात हुई। राजसमंद में खारी फीडर और गोमती नदी से राजसमंद झील में पानी की आवक लगातार बनी हुई है। विभाग ने आज 11 जिलों के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही हल्की से मध्यम बारिश का दौर दो–तीन दिन तक जारी रहने की संभावना जताई है। वहीं कल से कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बरसात हो सकती है। इस बीच सवाईमाधोपुर जिले में भारी वर्षा के कारण हुए नुकसान का सर्वे करवाया जा रहा है। जिला कलेक्टर कानाराम ने बताया कि अधिकारियों को जलभराव और अतिवृष्टि से पीडित परिवारों के लिए केटलशेड योजना के तहत टीनशेड लगवाने के निर्देश दिए है। साथ ही मनरेगा के माध्यम से अपना खेत अपना काम योजना के प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस रविवार को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव भेजने का आज अंतिम दिन है। लोग अपने सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं।